निबंधन संख्या पी0टी0-40

# बिहार गजट
## असाधारण अंक
## बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

**5 भाद्र 1946 (श0)**

**(सं0 पटना 850) पटना, मंगलवार, 27 अगस्त 2024**

### सामान्य प्रशासन विभाग

### आदेश
**21 अगस्त 2024**

सं० 3/एम0–22/2023–13241/सा0प्र0––राज्य सरकार के विभिन्न विभागों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में सेवानिवृत्त एवं भविष्य में सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी सेवकों की सेवायें संविदा के आधार पर लिए जाने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प ज्ञापांक 10000 दिनांक 10.07.2015 द्वारा प्रक्रिया निर्धारित है। उक्त संकल्प के साथ संलग्न अनुसूची में सम्मिलित पदों पर ही संकल्प के प्रावधानों के तहत सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों का संविदा के आधार पर नियोजन किया जा सकता है।

2. (i) संकल्प की कंडिका–3(1) के प्रावधान के तहत सम्यक् विचारोपरांत निम्नांकित पद को उपर्युक्त संकल्प ज्ञापांक 10000 दिनांक 10.07.2015 की अनुसूची में सम्मिलित किया जाता है–

| क्र0 सं0 | विभाग का नाम | संकल्प संख्या–10000 दिनांक–10.07.15 अनुसूची में सम्मिलित किये जाने वाले प्रस्तावित पद |
|---|---|---|
| 1. | स्वास्थ्य विभाग | बिहार खाद्य संरक्षा सेवा के अन्तर्गत–<br>(i) खाद्य संरक्षा अधिकारी **(केवल एक वर्ष के लिए)** |
| 2. | ग्रामीण कार्य विभाग | क्षेत्रीय कार्यालयों के–<br>(i) निम्नवर्गीय लिपिक; एवं<br>(ii) उच्च वर्गीय लिपिक। |
| 3. | पंचायती राज विभाग | पंचायती राज अभियंत्रण संगठन–<br>(i) सहायक अभियंता (असैनिक) **(केवल एक वर्ष के लिए)**<br>(ii) सहायक वास्तुविद **(केवल एक वर्ष के लिए)।** |
| 4. | विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग | क्षेत्रीय कार्यालयों के–<br>(i) उच्च वर्गीय लिपिक। |
| 5. | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग | (i) सांख्यिकी सहायक। |

3. उपरोक्त पदों पर सेवानिवृत्त सरकारी सेवक के संविदा नियोजन हेतु संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक 10.07.2015 में निहित शर्त्त एवं प्रक्रिया लागू रहेंगी एवं इन पदों पर सेवा लेने के संबंध में प्रशासी विभाग द्वारा ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

आदेश से,
गुफरान अहमद,
सरकार के संयुक्त सचिव ।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट (असाधारण) 850-571+10-डी०टी०पी०।
Website: http://egazette.bih.nic.in